मिसेज इंडिया 2022 में पानीपत की पारुल बनी विजेता

पानीपत/कौशिक : गुडगांव स्थित क्राउन प्लाजा होटल में टिस्का मिस और मिसेज इंडिया शो 2022 का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर के अनेकों राज्यों से आई महिला प्रतिभागियों ने भाग लेकर रैंप पर अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। शो का आयोजन स्वाति दीक्षित व प्रशांत चौधरी ने किया था। उल्लेखनीय है कि शो में सेलिब्रिटी ज्यूरी मेंबर के तौर पर उपस्थित हुई।

फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी के विकास की जिम्मेदारी अब निगम संभालेगा : खट्टर

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 17 में से 14 मामलों का निपटारा

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

चण्डीगढ़/धरणी : मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 1976 से विकास कार्यों के लिए भटक रहे ग्रीन फील्ड कॉलोनी निवासियों को बड़ी सौगात देते हुए कहा कि अब इस कॉलोनी में सभी बुनियादी सुविधाएं फरीदाबाद नगर निगम देगा। इसके लिए नगर निगम जल्द से जल्द स्थानांतरण की कार्रवाई पूरी करेगा और वहां पर विकास कार्यों की शुरुआत करवाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में ग्रीनफील्ड कॉलोनी के निवासियों द्वारा रखी गई एक शिकायत पर सुनवाई कर रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 1976 से पहले 434 एकड़ भूमि में 3713 प्लाटों के साथ यह कॉलोनी विकसित की गई थी। कुछ कारणों के चलते यह कॉलोनी आज तक नगर निगम को स्थानांतरित नहीं हो पाई थी। यही समस्या शनिवार को ग्रीन फील्ड कॉलोनी की आरडब्ल्यूए के सदस्यों द्वारा जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सामने रखी गई। इस पर तुरंत आदेश देते हुए

फरीदबाद में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर। साथ हैं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा व अन्य प्रशासनिक अधिकारी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कॉलोनी के बकाया हाउस टैक्स को पेंडिंग रखते हुए तुरंत इस कॉलोनी की सभी सुविधाओं को नगर निगम टेकओवर करें और जल्द से जल्द यहां सड़क व सीवरेज सहित सभी मूलभूत सुविधाएं विकसित करने का कार्य शुरू करें। बैठक में कुल 17 शिकायतें रखी गई जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया वहीं तीन शिकायतें पेंडिंग रखी गई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 2 शिकायतों पर पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में एक महिला द्वारा उसके मकान के ऊपरी तल पर रहने वाले मकान मालिकों द्वारा मकान की देखरेख करने के मामले में आदेश देते हुए कहा कि नीचे मकान को नुकसान पहुंचा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निर्देश दिए कि नगर निगम द्वारा सुरक्षित ढंग से ऊपरी मंजिल को हटाया जाए । इसके साथ ही अमित कुमार पुत्र जयप्रकाश निवासी तिगांव ने हरियाणा गवर्नमेंट अफॉर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी के तहत मिले मकान को लेकर एक शिकायत रखी। इस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस तरह की शिकायतों के लिए हरेरा की सुविधा नागरिकों को उपलब्ध करवाई गयी है इसके साथ ही आरपी शर्मा की शिकायत पर विभिन्न सरकारी भवनों को फायर एनओसी जारी करने की एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा 15 भवनों की सूची सौंपी गई थी इनमें से सात ने फायर एनओसी लेने के लिए अग्निशमन विभाग को आवेदन कर दिया है। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी भवनों की फायर एनओसी के लिए भी जल्द से जल्द आवेदन करवाए जाएं। अजय कुमार ने शिकायत रखी की उनके पिता की मृत्यु के पश्चात उसके बैंक में जमा खाते की रकम लेने के लिए वह पिछले 3 वर्षों से बैंक के चक्कर लगा रहा है। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक नयनपाल रावत, विधायक राजेश नागर, विधायक नीरज शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग एवं उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

सेक्टर 13 में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

शिविर में मौजूद चिकित्सक व सेक्टरवासी।

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय एवं राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय द्वारा सेक्टर 13 स्थित फैमिली पार्क में भव्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों लोगो के स्वास्थ्य की जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निशुल्क जांच की गई। इसके साथ ही सेक्टरवासियों को आयुर्वेदिक दवाइयां भी वितरित की गई। 7वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित शिविर में समाजसेवी सूर्य प्रताप सिंह राठौर श्रीकृष्णा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, चिकित्सकों और समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया और सेक्टरवासियों को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में हर गंभीर बीमारी का इलाज संभव है। मगर थोड़ा धैर्य और विश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है। देश में हर तीसरा झचौथा व्यक्ति असाध्य बीमारी से पीड़ित है। आयुर्वेद बीमारी को जड़ से खत्म करता है। इसलिए हर नागरिक को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति पर विश्वास बनाते हुए आयुर्वेद को जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर प्रचार्य डॉ देवेन्द्र खुराना ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति प्राचीन होने के साथ साथ बीमारी में कारगर पद्धति है।

त्योहारों को लेकर प्रशासन रहे सतर्क

लाडवा/शिव लाल चालिया

त्योहारों के दिनों में बाजारों में जनता की भीड़ बढने लगी है। वहीं प्रशासन को शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश का समय रखा जाना चाहिए। दो पहिया वाहनों के प्रवेश को छोड़ कर तिपहिया वाहनों और अन्य बड़े वाहनों के बाजार में प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए यातायात को पुलिस द्वारा नियंत्रित करना होगा। शिवालय श्री राम कुंडी से बाजार चौंक तक बहुत भीड़ रहती है। इस को कंट्रोल करना होगा। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार आधिकारी द्वारा मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थ की दुकानों की जांच करनी चाहिए। दूध, घी की डैरीयों की भी अधिकारी मौके पर आकर जांच करें। दिवाली के दिनों में लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो इस बात को लेकर सरकार के स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहना होगा। सूत्रों से जानकारी मिली है कि मिठाईयाँ बाजार में दिवाली के लिए बनने लगी है तो ऐसे में शुद्धता का ध्यान रखा जाना अनिवार्य है।

मनजीत दहिया लाखनमाजरा ने हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त को लिखा पत्र

समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव करवाने में देंगे सहयोग

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

रोहतक/सुकरमपाल : हरियाणा की प्रख्यात सामाजिक संस्था हरियाणा अंबेडकर संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष एव प्रख्यात जनसेवक मनजीत सिंह दहिया लाखन माजरा ने हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त धनपत सिंह को पत्र लिखकर हरियाणा प्रदेश में हो रहे पंचायती, राज संस्थाओं के चुनाव करवाने में अम्बेडकर संघर्ष समिति हरियाणा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपना अमूल्य सहयोग देंगे। समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता मनजीत सिंह दहिया लाखन माजरा ने बताया की हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह के प्रयासों से प्रदेशभर में पंचायती संस्थाओं के चुनावों के अलावा आदमपुर में विधानसभा उपचुनाव हो रहे हैं। समिति ने प्रदेश में अलग

अलग चरणों में होने वाले चुनाव में अपनी कमर कस ली है।

समिति के प्रदेशाध्यक्ष दहिया ने बताया की समिति पदाधिकारी व कार्यकर्ता निस्वार्थ भावना से हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग को पूरा पूरा सहयोग देंगे और विशेषतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श आचार संहित का पूरा पूरा पालन करवाने के लिए ग्रामिणों को प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहां कि हरियाणा प्रदेश में आदमपुर में विधानसभा चुनाव हो रहा है उसमें भी समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आपसी भाईचारे, एकता और प्रगतिशील समाज की स्थापना का प्रयास करेंगे। दहिया ने बताया कि समिति पदाधिकारी व कार्यकर्ता निर्वाचन आयोग हरियाणा के आयुक्त व उनकी पूरी टीम का सहयोग करेंगे वहीं पुलिस कानून व्यवस्था बनाकर रखने में हरियाणा पुलिस का भी सहयोग करेंगे। इस संदर्भ में समिति के प्रदेश अध्यक्ष व पदाधिकारी हरियाणा पुलिस के डी.जी.पी. पी.के. अग्रवाल से शीघ्र मुलाकात कर पुलिस को आश्वासन देंगे और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों में सहयोग देंगे। वही समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह दहिया ने गांव नांदल के अनिल कुमार संभरवाल को समिति जिला रोहतक का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया।

हाली अपना स्कूल में मनाया ग्लोबल हैंडवाशिंग डे

पानीपत/कौशिक : माता सीता रानी सेवा संस्था ने परिवार परामर्श केंद्र द्वारा ग्लोबल हैंडवाशिंग डे सेक्टर-25 स्थित हाली अपना स्कूल में मनाया गया। केन्द्र की परामर्शदात्री सुनीता आनंद ने कहा कि ग्लोबल हैंडवाशिंग डे मनाने का उद्देश्य स्वस्थ रहने के लिए दुनिया में हाथ धोने के महत्व को बताना है। ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे पहली बार स्वीडन में 2008 में मनाया गया था। उन्होने छात्रों को साबुन से हाथ धोने के तरीकों और लाभों से सबको जागरूक किया। उन्होने कहा कि जब हम हाथ धोते हैं तो न सिर्फ हाथों से गंदगी ,धूल ,मिट्टी ,तेल साफ होते हैं बल्कि बीमार करने वाले कई कीटाणुओं का नाश होता है। हमें खाना बनाने से पहले, खाना खाने से पहले और दूसरों को खिलाने से पहले हाथ जरूर धोने चाहिए। इस अवसर पर पूजा सैनी, प्रिया, लूथरा, शबनूर, शिवम, गीतिका, लक्ष्मी, आशीष, अर्चना उपस्थित रहे।

वेदांता स्कूल में छात्रों ने किया डॉ. कलाम को नमन

नरवाना/नरेन्द्र जेठी : वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द में आज पूर्व राष्ट्रपति व भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के उपलक्ष में छात्र दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को अब्दुल कलाम की जीवनी की वीडियो दिखाई गई ताकि विद्यार्थी उनके चरित से प्रेरित होकर शिक्षा के क्षेत्र में अत्याधिक प्रोत्साहित हों। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री रवि श्योकंद , डायरेक्टर प्रदीप नैन व प्रधानाचार्या श्रीमती वीना डारा उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें डॉ0अब्दुल कलाम जैसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनको अपना आदर्श बनाना चाहिए ताकि हम जीवन पथ पर आगे बढ़ सकें व सफलता प्राप्त कर सकें। डायरेक्टर प्रदीप नैन ने इस अवसर पर कहा कि हमें पूर्व राष्ट्रपति के यह शब्द नहीं भूलने चाहिए-इंसान उस दिन कामयाब हो जाता है, जिस दिन उसके हस्ताक्षर उसके ऑटोग्राफ में बदल जाते हैं। उन्होंने कहा हमें उनके संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि गरीब परिवार से संबंधित होने के बावजूद इन्होंने अपनी मेहनत के बल पर न केवल भारत रत्न प्राप्त किया अपितु एक सफल वैज्ञानिक व भारत के राष्ट्रपति बने।

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय जेएसईल भवन, मालवीय नगर, जेएलएन मार्ग, जयपुर- 302017

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है ।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	श्री जोगेंद्र सिंह, (कर्जदार), सरोज देवी (सह-कर्जदार) ऋण खाता नं. LBJAI00004983197, LBJAI00004983199, LBJAI00005337291	ए-2, खसरा नंबर 677, वार्ड नंबर 17, श्याम नगर कॉलोनी, डूंगरसी, बहरोड़ अलवर, राजस्थान-301701, 3189.45 वर्ग फुट क्षेत्रफल	रु. 1,06,85,123/- (अक्टूबर 06, 2022 तक)	रु. 93,60,000/- / रु. 9,36,000/-	अक्टूबर 19, 2022 को सु. 11:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक	नवंबर 05,2022 सु. 11:00 बजे से

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 04, 2022** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित संपत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय जेएसईल भवन, मालवीय नगर, जेएलएन मार्ग, जयपुर- 302017** में **नवंबर 04, 2022** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **नवंबर 04, 2022** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय जेएसईल भवन, मालवीय नगर, जेएलएन मार्ग, जयपुर- 302017** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 04, 2022** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **जयपुर** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8584874809, 8657476284** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड व 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें ।

तिथि : अक्टूबर 15, 2022
स्थान : हरियाणा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

धर्मपाल गोंदर ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

वार्ड न. 13 में आंगनबाड़ी केंद्र का नारियल तोड़कर शिलान्यास करती महिलाएं साथ में विधायक धर्मपाल गोंदर व अन्य।

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

तरावड़ी/वीरेंद्र जांगड़ा

वन विकास निगम के चेयरमैन धर्मपाल गोंदर ने शनिवार को तरावड़ी में दो कामों पर नारियल फोड़कर काम का शुभारंभ किया। इस दौरान तरावड़ी नगरपालिका चेयरमैन विरेंद्र बंसल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। विधायक धर्मपाल गोंदर करीब साढे बारह बजे तरावड़ी वार्ड न.13 स्थित सामुदायिक भवन पहुंचे जहां पर उन्होंने 6 लाख रुपये की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र का ईदगाह बस्ती की बुजुर्ग महिलाओं से नारियल फोड़कर काम का शुभारंभ करवाया। गौरतलब है कि इससे पहले यह आंगनबाड़ी केंद्र सामुदायिक भवन में चल रहा था और वार्ड के लोगों के विवाह शादी कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की छूट्टी रहती थी इसलिए नगरपालिका की ओर से इसके लिए अलग से हाल बनाने की योजना तैयार की गई। इसके अलावा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सह शिक्षा के पिछे से गुजर रही ड्रेन की तरफ एक चारदीवारी के काम का भी शुभारंभ किया गया इसपर नगरपालिका के करीब दस लाख रुपये खर्च होंगे। इसके बनने से स्कूल छूट्टी के दौरान बच्चों की भीड़ अधिक होने के कारण बच्चों के ड्रेन में गिरने का खतरा बना रहता था ओर ड्रेन के कारण उठने वाली बदबू भी स्कूल के बच्चों को परेशान कर रही थी। इस दौरान विधायक ने कहा कि तरावड़ी के विकास कार्यों को गति दी जा रही है और भविष्य में इसे ओर तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तरावड़ी में सैर सपाटे के लिए स्थान की मांग पिछले लम्बे समय लम्बित है और इसके लिए लगातार पंचकूला स्थित कार्यालय से लगातार बातचीत चल रही है और उम्मीद है अगले सप्ताह वहां से किले के सामने बनने वाले श्री पांड सिस्टम की ड्रांइग बन कर आ जाएगी।

एसडी कॉलेज में डॉ. कलाम का जन्मदिवस विद्यार्थियों ने प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

पानीपत/कौशिक : एसडी पीजी कालेज में मिसाइल मैन

,जनता के राष्ट्रपति और भारत रत्न से अलंकृत डा. एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिवस मनाया गया। कालेज के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा के साथ मिलकर डा. एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनसे देश हित और समाज सेवा की प्रेरणा ली। आज के युवा उन्हें अपना आदर्श और प्रेरणाश्रोत मानते है। वहीं प्रो. मुकेश गुप्ता, प्रो. प्रवीण आरण् खेरड़े, डा. मुकेश पुनिया, प्रो. अन्नू आहूजा, डा. राकेश गर्ग, डा. मोनिका खुराना, डा. भारती गुप्ता, डा. रवि कुमार, प्रो. मुक्त, प्रो. इंदु पुनिया, दीपक मित्तल व विद्यार्थियों ने डा. कलाम के जीवन से जुडी घटनाओं को सांझा किया। डा. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि अब्दुल कलाम वह व्यक्ति थे जो पायलट बनना चाहता थे परंतु किन्हीं कारणों से नहीं बन पाये। ऋषिकेश जाकर उसने नई उड़ान के बारे में सोचकर अपने करियर को अंतरिक्ष के क्षेत्र की ओर मोड़ लिया।

डीएचबीवीएन जोनल सीजीआरएफ में 18 को होगी शिकायतों की सुनवाई

रेवाड़ी/निनानिया : दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए निगम के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली जोनल कंज्यूमर ग्रीवेंस रिड्रेसल फोरम (सीजीआरएफ़) में उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 18 अक्टूबर को गुरुग्राम में होगी। इसमें गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, नारनौल और पलवल सर्किल के उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई सैक्टर 16 हेतरी हाऊस स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय में होगी। एक लाख से 3 लाख तक की राशि के केसों की सुनवाई दिल्ली जोनल सीजीआरएफ के चेयरमैन, मुख्य अभियंता ऑपरेशन नवीन कुमार वर्मा करेंगे।

सूर्य ग्रहण पर 18 मंजिला ज्ञान मंदिर में लगेगा विशाल भंडारा

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : सूर्य ग्रहण के अवसर पर 18 मंजिला ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को ज्ञान मंदिर में कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश गोयल द्वारा की गई। राजेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि सूर्य ग्रहण के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दिन मंदिर परिसर में भक्ति भाव से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा सूर्य ग्रहण के अवसर पर लगभग दो हजार जरूरतमंद लोगों को राशन भेंट किया जाएगा। राजेश गोयल ने कहा कि पिछले कुछ समय में गीता ज्ञान मंदिर के निर्माण कार्य

मंदिर के नए बने ट्रस्टी विशाल सिंगला व विशेष गर्ग का स्वागत करते राजेश गोयल व अन्य।

को भी गति दी गई है। कुछ ही समय में इस मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। निर्माण कार्य लगातार चल रहा है। देश भर से नए लोग भी शामिल हो रहे हैं। उन्होने कहा कि सभी के सहयोग से इस मंदिर का निर्माण जल्द पूरा होगा और यह मंदिर दार्शनिक मंदिर बनेगा। इस मंदिर के बनने से पर्यटन की नजर से भी कुरुक्षेत्र विकसित होगा। इस मौके पर उद्योगपति जयभगवान सिंगला, केडीबी सदस्य सौरभ चौधरी, विनय गुप्ता, संजीव गर्ग, चिराग गोयल, देवीलाल बारना, विनोद गर्ग, सतीश बिन्दल, भजन गायक सीता राम, बृजभान मित्तल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

विशाल सिंगला बने मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी

बैठक के दौरान युवा समाजसेवी विशाल सिंगला व उद्योगपति विशेष गर्ग को मंदिर ट्रस्ट का ट्रस्टी बनाया गया है। प्रधान राजेश गोयल व अन्य सदस्यों ने दोनो नए ट्रस्टियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। विशाल सिंगला ने कहा कि कुरुक्षेत्र में 18 मंजिला ज्ञान मंदिर बनना कुरुक्षेत्र वासियों के लिए गर्व की बात है। इस मंदिर को दार्शनिक बनाया जा रहा है। वे हर प्रकार से इस कार्य में सहयोग करेंगें।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्प्लैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001

शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा / धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	निशा शर्मा (ऋणदाता) ललित शर्मा (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHSNP00000857773 & NHSNP00000857774	मकान नं. 313 बी-1 मोहल्ला मसाद सोनीपत हरियाणा 131001	रु. 43,04,641/- 06 अक्टूबर 2022 को	रु. 46,62,210/- / रु. 4,66,221/-	21 अक्टूबर, 2022 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	31 अक्टूबर 2022 को सायं 02:00 बजे से सायं 3.00 बजे तक
2.	देवी दयाल (ऋणदाता), मीना (सह-ऋणदाता) हरि दयाल (सह-ऋणदाता), चंदर कला (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHKTL00000893691 & NHKTL00000893725	एमसीके सम्पत्ति नं. 2012 18 वार्ड नं. 11 श्री पूजा मोहल्ला निवानिया स्ट्रीट कैथल हरियाणा-136027	रु. 72,84,638/- 06 अक्टूबर 2022 को	रु. 33,60,010/- / रु. 3,36,001/-	21 अक्टूबर, 2022 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	31 अक्टूबर 2022 को सायं 02:00 बजे से सायं 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC/)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **28 अक्टूबर, 2022 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करनेका अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्प्लैक्स, एटलस रोड नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **28 अक्टूबर 2022 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्प्लैक्स, एटलस रोड नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001** में **28 अक्टूबर, 2022 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **सोनीपत** में देय होना चाहिए।

निविदाओं के भेजने या नीलामी की नियमों और शर्तों की जांच के संबंध में किसी अगले स्पष्टीकरण के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** या **7021072869** पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: अक्टूबर 16, 2022
स्थान: सोनीपत, कैथल

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड